# UP TGT-PGT Daily Rank Booster, Hindi Day -10

ENTRI

GET IT ON Google Play

1. **दिए गए विकल्पों में से उचित बहुवचन रूप की पहचान कीजिए।**

A सभी

B आपको

C **आप लोग**

D आप

## Solution

‘आप लोग’ शब्द बहुवचन रूप में हैं।

संज्ञा के जिस रूप से एक से अधिक वस्तु, प्राणी या पदार्थ आदि का पता चलता है।

2. **निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?**

A सभी भोजन खाएँगे।

B ये अच्छा लड़के हैं।

C चोर दौड़ खड़ा हुआ।

D **बड़ी मुश्किल हो गई।**

## Solution

'बड़ी मुश्किल हो गई' शुद्ध वाक्य है क्योंकि अन्य विकल्पों में निजवाचक सर्वनाम संबंधी त्रुटियां हैं।

'सभी भोजन खाएँगे' वाक्य में 'खाने' के स्थान पर 'करेंगे' क्रियापद उचित है।

'ये अच्छा लड़के हैं' वाक्य में 'अच्छा' के स्थान पर 'अच्छे' वचन का प्रयोग उचित है।

'चोर दौड़ खड़ा हुआ' वाक्य में 'दौड़' के स्थान पर 'भाग' संयुक्त क्रिया का प्रयोग उचित है।

3. **इनमें कौन-सा शब्द तद्भव है?**

A भँवरा

B मधुकर

C भ्रमर

D मधुप

**Solution**

तद्भव शब्द:-संस्कृत भाषा के वे शब्द जिनमे थोड़ा बहुत परिवर्तन करके हिंदी भाषा में प्रयुक्त किया जाता हैं उन्हें तद्भव शब्द कहते है ।

भँवरा एक तद्भव शब्द है। इसका तत्सम रूप भ्रमर होता है। संस्कृत भाषा के वे शब्द जिनमे थोड़ा बहुत परिवर्तन करके हिंदी भाषा में प्रयुक्त किया जाता हैं उन्हें तद्भव शब्द कहते है।

4. **किस रस को ‘रसराज’ कहा जाता है?**

A श्रृंगार रस

B वीर रस

C हास्य रस

D इनमें से कोई नहीं

ENTRI

**Solution**

श्रृंगार रस को रसराज कहा गया है और इसी रस को या रसपति भी कहते है। मुख्यत: श्रृंगार रस को संयोग तथा वियोग रस के नाम से दो भागों में विभाजित किया जाता है।

उदाहरण - बसों मेरे नैनन में नन्दलाल

मोर मुकुट मकराकृत कुंडल, अरुण तिलक दिये भाल

5. **भाषा लिखने किए लिए प्रयुक्त चिह्नों के व्यवस्थित रूप को क्या कहते हैं?**

A वर्णमाला

B बोली

C भाषाशास्त्र

D **लिपि**

## Solution

भाषा लिखने किए लिए प्रयुक्त चिह्नों के व्यवस्थित रूप को लिपि कहते हैं।

लिपि या लेखन प्रणाली का अर्थ होता है किसी भी भाषा की लिखावट या लिखने का ढंग।

ध्वनियों को लिखने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, वही लिपि कहलाती है।

लिपि और भाषा दो अलग अलग चीज़ें होती हैं। भाषा वो चीज़ होती है जो बोली जाती है, लिखने को तो उसे किसी भी लिपि में लिख सकते हैं। किसी एक भाषा को उसकी सामान्य लिपि से दूसरी लिपि में लिखना, इस तरह कि वास्तविक अनुवाद न हुआ हो, इसे लिप्यन्तरण कहते हैं।

ENTRI

6. **हिंदी भाषी क्षेत्र को कितने भागों में विभाजित किया गया है?**

A 4

B **5**

C 7

D 3

## Solution

हिंदी भाषी क्षेत्र में 6 राज्य आते हैं – उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश

हिंदी प्रदेश को 5 वर्गों में बांटा जाता है, इन्हें उपभाषा कहा जाता है-

1. राजस्थानी
2. पश्चिमी
3. पूर्वी
4. बिहारी
5. पहाड़ी

7. **खड़ी बोली का अन्य नाम है-**

A **कौरवी बोली**

B कन्नौजी बोली

C भोजपुरी बोली

D मालवी बोली

## Solution

खड़ी बोली का अन्य नाम कौरवी बोली है।

बोली वह भाषा है जो मोटे तौर पर आज की मानक हिन्दी का एक पूर्वरूप है। भाषाविज्ञान की दृष्टि से इसे आदर्श (स्टैंडर्ड) हिंदी, उर्दू तथा हिंदुस्तानी की आधार स्वरूप बोली होने का गौरव प्राप्त है। यह निम्नलिखित स्थानों के ग्रामीण क्षेत्रों में बोली जाती है- मेरठ, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, देहरादून के मैदानी भाग, अम्बाला, कलसिया और पटियाला के पूर्वी भाग, रामपुर और मुरादाबाद।

खड़ी बोली क्षेत्र के पूर्व में ब्रजभाषा, दक्षिण-पूर्व में मेवाती, दक्षिण-पश्चिम में पश्चिमी राजस्थानी, पश्चिम में पूर्वी पंजाबी और उत्तर में पहाड़ी बोलियों का क्षेत्र है। मेरठ की खड़ी बोली आदर्श खडी बोली मानी जाती है जिससे आधुनिक हिंदी भाषा का जन्म हुआ, वही दूसरी और मुजफ्फरनगर व सहारनपुर बागपत मे खड़ी बोली मे हरयाणवी की झलक देखने को मिलती है। बाँगरू, जाटकी या हरियाणवी एक प्रकार से पंजाबी और राजस्थानी मिश्रित खड़ी बोली ही हैं जो दिल्ली, करनाल, रोहतक, हिसार और पटियाला, नाभा, झींद के ग्रामीण क्षेत्रों में बोली जाती है।

8. **'राग - दरबारी' उपन्यास के रचनाकार का नाम है:**

A फनीश्वरनाथ रेणु

B **श्रीलाल शुक्ल**

C सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

D सुमित्रानंदन पन्त

ENTRI

## Solution

रागदरबारी विख्यात हिन्दी साहित्यकार श्रीलाल शुक्ल की प्रसिद्ध व्यंग्य रचना है जिसके लिये उन्हें सन् 1969 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह ऐसा उपन्यास है जो गाँव की कथा के माध्यम से आधुनिक भारतीय जीवन की मूल्यहीनता को सहजता और निर्ममता से अनावृत करता है। शुरू से अन्त तक इतने निस्संग और सोद्देश्य व्यंग्य के साथ लिखा गया हिंदी का शायद यह पहला वृहत् उपन्यास है।

'राग दरबारी' का लेखन 1964 के अन्त में शुरू हुआ और अपने अन्तिम रूप में 1967 में समाप्त हुआ। 1968 में इसका प्रकाशन हुआ और 1969 में इस पर श्रीलाल शुक्ल को साहित्य अकादमी का पुरस्कार मिला। 1986 में एक दूरदर्शन-धारावाहिक के रूप में इसे लाखों दर्शकों की सराहना प्राप्त हुई।

9. **इनमें से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है?**

A **मधुरता**

B चन्द्रमा

C वर्ष

D हिमालय

ENTRI

## Solution

'मधुरता' शब्द भाववाचक स्त्रीलिंग है।

जिन संज्ञा शब्दों से स्त्री जाति का पता चलता है, स्त्रीलिंग होते हैं।

उदाहरण - लड़की, गाय, आदत आदि।

10. **रामानुजाचार्य के शिष्य का नाम बताएं:**

A हरिदास

**B रामानन्द**

C चंडीदास

D कबीर

**Solution**

वैष्णव आचार्यों में प्रमुख रामानुजाचार्य की शिष्य परम्परा में ही रामानन्द हुए जिनके शिष्य कबीर, रैदास और सूरदास थे।

रामानन्दी सम्प्रदाय (बैरागी सम्प्रदाय) के प्रवर्तक रामानन्दाचार्य का जन्म सम्वत् 1236 में हुआ था। जन्म के समय और स्थान के बारे में ठीक-ठीक जानकारी उपलब्ध नहीं है। शोधकर्ताओं ने जो जानकारी जुटाई है उसके अनुसार रामानन्द जी के पिता का नाम पुण्यसदन और माता का नाम सुशीला देवी था। उनकी माता नित्य वेणीमाधव भगवान की पूजा किया करती थीं। एक दिन वे मन्दिर में दर्शन करने गईं तो उन्हें दिव्योणी सुनाई दी - हे माता पुत्रवती हो। उनके आँचल में एक माला और दाहिनार्त शंख प्रकट हुआ। वह प्रसाद पाकर बहुत खुश हुईं और पतिदेव को सारी बात बताई।

ENTRI GET IT ON Google Play